दिन– बुधवार दिनांक– 29/04/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

राज्य मंत्रिमंडल की आज शाम पटना में बैठक होगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगने की सम्भावना है।

———————————————————————————

भागलपुर जिले के सुल्तानगंज नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण कुमार की हत्या में शामिल एक अपराधी रामधनी यादव को पुलिस ने मार गिराया है। आज सुबह चार बजे से पांच बजे के बीच हुई मुठभेड़ में एक पुलिस उपाधीक्षक और दो पुलिस इंस्पेक्टर भी घायल हुये हैं। पुलिस अधीक्षक प्रमोद यादव ने बताया कि की इस मामले में दो अन्य अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मुठभेढ मे घायल तीनों पुलिस कर्मियों का जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस बीच कल अपराधियों की गोलीबाडी में घायल परिषद के सभापति राजकुमार को बेहतर इलाज के लिए पटना भेजा गया है।

———————————————————————————

सुल्तानगंज नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण कुमार की हत्या पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शोक संवेदना जतायी है। श्री चौधरी ने कहा कि पीड़ित परिवार को पच्चीस लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी और दिवंगत अधिकारी का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

———————————————————————————

बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने पटना, कटिहार, मुजफ्फरपुर, बांका और सुपौल समेत उन्नीस जिलों के एक सौ अट्ठाईस पैक्स में प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। चार मई को सूचना का प्रकाशन होगा। बीस और

इक्कीस मई को नामांकन पत्र भरे जायेंगे। नाम वापसी की अंतिम तिथि छब्बीस मई है। आवश्यकता होने पर तीन जून को मतदान होगा और उसी दिन मतों की गिनती होगी।

———————————————————————————

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण का मतदान जारी है। सात जिलों में एक सौ बयालीस निर्वाचन क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा के बीच वोट डाले जा रहे हैं। मतदान शाम छह बजे तक चलेगा। इस चरण में तीन करोड़ बीस लाख से अधिक मतदाता दो सौ बीस महिलाओं सहित एक हजार चार सौ अड़तालीस उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे। मतों की गिनती चार मई को होगी। इधर, पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिले किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है।

———————————————————————————

निर्वाचन विभाग ने भोजपुर जिले के बिहिया नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सचिन कुमार गुप्ता की सदस्यता रद्द कर दी है। मुख्य पार्षद पर बैठक नहीं बुलाने, पद के दुरूपयोग, कर्तव्यों की अनदेखी और आपराधिक मामले में फरार होने के आरोपों पर यह कार्रवाई की गयी है।

———————————————————————————

आज दानवीर भामा शाह की जयंती है। इस अवसर पर पटना के पुनाईचक पार्क में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैय्यद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी समेत कई गणमान्य लोगों ने भामा शाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने भामा शाह को श्रद्धांजलि देते हुये उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया।

———————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में अगले दो दिनों तक तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है। इस दौरान वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। आज औरंगाबाद और रोहतास जिले के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश दर्ज की गयी है। इधर, मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट आ सकती है। वहीं, न्यूनतम तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा।

——————————————————————————

सीवान में आज प्रधानमंत्री मुफ्त सूर्य घर योजना के तहत मेगा कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से बीपीएल परिवारों को एक किलो वाट क्षमता वाला सोलर पैनल निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा।

——————————————————————————

भोजपुर जिले में कोईलवर—बक्सर फोर लेन पर एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने मोटरसाईकिल सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवकों की मौत हो गयी।

——————————————————————————

समाप्त